दिन– शुक्रवार दिनांक–15 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जमुई में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शामिल होंगे।

02. प्रधानमंत्री जनजातीय समुदायों के विकास के लिए छह हजार छह सौ करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राष्ट्र को संबोधित किया। कहा– सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों से जनजातीय समुदाय के लोगों का हो रहा है उत्थान।

04. और, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज गंगा सहित राज्य की विभिन्न नदियों में श्रद्धालु अहले सुबह से पवित्र स्नान कर रहे हैं।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जमुई में जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती समारोह का शुभारंभ करेंगे। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष पन्द्रह नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ग्रामीण और दूर–दराज के क्षेत्रों में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत निर्मित ग्यारह हजार आवासों के गृह प्रवेश में भी वर्चुअली शामिल होंगे। ब्योरा हमारे संवाददाता से –

———बाईट———

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों से जनजातीय लोगों का उत्थान हो रहा है और वे समाज की मुख्य धारा में आगे बढ़ रहे हैं।

———बाईट———

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि देश सही मायने में तभी विकसित बनेगा जब जनजातीय लोगों का विकास होगा। जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को

संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोगों की तीव्र गति से

———बाईट———

जनजाति गौरव तथा संविधान के आदर्शों के प्रति देश में नई चेतना का संचार हो रहा है तथा इस चेतन को कार्य रूप दिया जा रहा है। यह भावना जनजातियों समाज सहित पूरे देश के उज्जवल भविष्य का आधार बनेगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए प्रधानमंत्री –जनमन अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदायों के लोगों का समग्र विकास करना है।

———बाईट———

पीएम जनमन अभियान का उद्देश्य देश के पीभीटीजी समुदाय के लोगों का व्यापक विकास करना है। इस अभियान के तहत 26000 करोड़ रूपया से अधिक की लागत से 3 वर्ष की समय सीमा के पहले ही अनेक सुविधाओं को पीभीटीजी समुदाय के लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया।

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राष्ट्र 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के वर्ष भर चलने वाले समारोहों की शुरुआत कर रहा है। उन्होंने सभी देशवासियों की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य स्मृति पर उन्हें नमन किया।

————————————————————————

दक्षिण बिहार के मगध, पटना, भागलपुर और मुंगेर प्रमंडल के उन्नीस जिलों में आज से धान की सरकारी खरीद शुरू हो गयी है। यह खरीद पैक्स और व्यापार मंडलों के माध्यम से की जा रही है। धान खरीद की समय सीमा अगले वर्ष पन्द्रह फरवरी तक निर्धारित की गयी है। राज्य सरकार ने इस वर्ष पैंतालीस लाख टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित रैयत किसानों से अधिकतम दो सौ पचास क्विंटल और गैर रैयत किसानों से अधिकतम एक सौ क्विंटल धान की खरीद की जायेगी। साधारण धान तेईस सौ रूपये और ग्रेड–ए धान तेईस सौ बीस रूपये प्रति क्विंटल की दर से ली जायेगी। धान खरीद करने के अड़तालीस घंटे के भीतर किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

————————————————————————

राजगीर में आयोजित महिला एशियाई हॉकी चौंपियंस ट्रॉफी के लीग मैच में भारत ने लगातार तीसरी जीत के साथ सेमीफाईनल में स्थान पक्का कर लिया है। कल खेले गये मैच में भारतीय टीम ने एकतरफा मुकाबले में थाईलैंड को तेरह–शून्य से पराजित किया। भारत की जीत में दीपिका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पांच

गोल किये। इसके साथ ही प्रीति दुबे, मनीषा चौहान और लाल रेम्सियामी ने दो–दो गोल किये। वहीं, मलेशिया ने एक रोमांचक मुकाबले में कोरिया को दो–एक से पराजित किया। एक अन्य मैच में चीन ने जापान को दो –एक से शिकस्त दी। अंक तालिका में चीन सबसे ज्यादा गोल कर नौ अंकों के साथ पहले स्थान पर है जबकि भारत नौ अंकों के साथ ही दूसरे स्थान पर है। मलेशिया तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। वहीं, जापान दो अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। आज विश्राम का दिन होने के कारण कोई मैच नहीं होगा।

———————————————————————

सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक देव जी महाराज का पांच सौ पचपनवां प्रकाशोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पटना साहिब में चल रहा तीन दिवसीय कार्यक्रम भी  संपन्न हो जायेगा।

———म्युजिक———

आज पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में मुख्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अखंड पाठ की समाप्ति के बाद विशेष दीवान में भजन–कीर्तन, प्रवचन और अरदास किया जायेगा। इससे पहले कल प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य नगर कीर्तन निकाली गयी। प्रकाशोत्सव में देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं।

———म्युजिक———

इधर, अररिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के फारबिसगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित गुरु नानक सत्संग सिंह सभा गुरुद्वारा में गुरु नानक देव जयंती प्रकाशोत्सव श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

———बाईट———

———————————————————————

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज गंगा सहित राज्य के विभिन्न नदियों में श्रद्धालु अहले सुबह से ही पवित्र स्नान कर रहे हैं। पटना शहर में विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुये सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये है। सारण जिले के हरिहर क्षेत्र स्थित गंगा और गंडक के संगम पर भी स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची है। कार्तिक स्नान को देखते हुये नदियों में स्थानीय गोताखोरो, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों को तैनात किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी में नावों के परिचालन पर रोक लगा दी है।

———बाइट———

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि बेगूसराय में गंगा नदी के किनारे पवित्र स्नान के सिमरिया धाम में श्रद्धालुओं का  सुबह से तांता  लगा हुआ है। कल कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर भव्य देव दीपावली का आयोजन किया गया।

–––बाइट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुनानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश और देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पटना समेत प्रदेश के अन्य भागों में सुबह में कोहरा और धुंध का प्रभाव बना रहेगा। उत्तर–पश्चिमी हवा की गति कम होने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि कल से हवा की गति बढ़ने के बाद ठंड में बढ़ोतरी होगी।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजधानी पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल नगर स्थित आसरा गृह मामले में गृह अधीक्षक को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है और गृह में तैनात बारह अन्य कर्मियों को हटा दिया गया है। इसके साथ ही आसरा गृह में खाद्य सामग्री की आपूर्ति करने वाले दीपू इंटरप्राईजेज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। समाज कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा ने बताया कि सभी जिलों में स्थित आसरा गृहों की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि आसरा गृह में कथित तौर पर विषाक्त भोजन खाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुजफ्फरपुर जिले में डीआरआई की टीम ने गायघाट थाना क्षेत्र के मैंठी टोल प्लाजा के पास एक वाहन से चार किलो से अधिक मादक पदार्थ कोकीन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त कोकीन का बाजार मूल्य बयालीस करोड़ रूपये से अधिक बताया गया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– यमुना की तरह गंगा नदी में भी सफेद झाग। पटना के दीघा नहर का पानी बिना उपचार नदी में गिराने से बन रहा झाग।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– केन्द्र सरकार ने बिहार की विशेष सहायता राशि बढ़ाकर आठ हजार आठ सौ चौदह करोड़ रूपये से अधिक की।

दैनिक भास्कर लिखता है– एसएससी की परीक्षा में पटना से कटिहार तक फर्जीवाड़ा करने के आरोप में पैंतीस गिरफ्तार।

प्रभात खबर का शीर्षक है– मुख्यमंत्री को प्रतिवादी बनाने पर अवकाश प्राप्त आईएएस पर पचास हजार रूपये का लगा जुर्माना।

आज अखबार की सुर्खी है– रिश्वत मामले में एफसीआई प्रबंधक को ढ़ाई वर्ष की सजा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जमुई में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शामिल होंगे।

02. प्रधानमंत्री जनजातीय समुदायों के विकास के लिए छह हजार छह सौ करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राष्ट्र को संबोधित किया। कहा– सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों से जनजातीय समुदाय के लोगों का हो रहा है उत्थान।

04. और, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज गंगा सहित राज्य की विभिन्न नदियों में श्रद्धालु अहले सुबह से पवित्र स्नान कर रहे हैं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।